# Samveg





*Take risks in your life. If you win, you can lead; if you lose, you can guide.*

Govt. Polytechnic Ambikapur

**NSS GPA SAMVEG**

edition 1.0

#2025-26

# हमारा दृष्टिकोण



"संवेग" शब्द अपने भीतर गहनता, संवेदना और आंतरिक ऊर्जा का अद्भुत संगम समेटे हुए है। यह केवल एक साधारण अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि मन की उस तीव्र गति का प्रतीक है, जो व्यक्ति को जागरूकता, आत्मचिंतन और परिवर्तन की ओर प्रेरित करती है। संवेग वह शक्ति है, जो विचारों को केवल जन्म ही नहीं देती, बल्कि उन्हें एक उद्देश्यपूर्ण दिशा भी प्रदान करती है। यह मनुष्य के भीतर छिपी उस प्रेरणा का स्वरूप है, जो उसे निरंतर आगे बढ़ने और स्वयं को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता है। जब किसी व्यक्ति के भीतर संवेग उत्पन्न होता है, तब वह निष्क्रियता से बाहर निकलकर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने लगता है। यह भाव उसे अन्याय, अज्ञानता और नकारात्मकता के विरुद्ध खड़ा होने की प्रेरणा देता है तथा सत्य, नैतिकता और मानवता के मार्ग पर अग्रसर करता है। संवेग व्यक्ति के अंतर्मन में जागृत उस चेतना का नाम है, जो उसे केवल स्वयं तक सीमित नहीं रखती, बल्कि समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। यही संवेग व्यक्ति को अपने उद्देश्य के प्रति दृढ़ और संकल्पित बनाता है।

"संवेग" मैगज़ीन भी इसी विचारधारा का सशक्त माध्यम है, जहाँ प्रत्येक शब्द, प्रत्येक विचार और प्रत्येक रचना एक नई ऊर्जा और गंभीरता के साथ प्रस्तुत होती है। यह मंच युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभा, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को उजागर करने का प्रयास करता है, ताकि वे अपने विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। यह केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि विचारों की एक सजीव धारा है, जो निरंतर प्रवाहित होती रहती है।

संवेग अंतर्मन की उस प्रबल चेतना का प्रतीक है, जो व्यक्ति को एक उच्च उद्देश्य की ओर अग्रसर करती है और उसे एक जागरुक, संवेदनशील तथा उत्तरदायी नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। यह जीवन में सकारात्मकता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करता है।





# MESSAGE FROM THE PRINCIPAL

प्रिय स्वयंसेवकों,

“स्वयं से पहले आप” (Not Me But You) केवल राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है, जो प्रत्येक स्वयंसेवक को निःस्वार्थ सेवा, त्याग और मानवीय संवेदनाओं के मार्ग पर अग्रसर करता है। यह विचार हमें सिखाता है कि सच्ची प्रगति तभी संभव है, जब हम अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर समाज के कल्याण के लिए कार्य करें।

मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि शासकीय पॉलीटेक्निक अंबिकापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अपनी वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन कर रही है। यह पत्रिका हमारे महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के समर्पण, परिश्रम एवं सेवा भाव का सजीव प्रतिबिंब है। इसमें संकलित लेख, अनुभव एवं गतिविधियाँ यह दर्शाती हैं कि हमारे विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

हमारा महाविद्यालय सदैव इस बात के लिए प्रयासरत रहा है कि विद्यार्थियों को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों की भी शिक्षा मिले। राष्ट्रीय सेवा योजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसके द्वारा विद्यार्थी समाज की वास्तविक परिस्थितियों से परिचित होते हैं और अपने भीतर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करते हैं।वर्षभर आयोजित विभिन्न गतिविधियाँ—जैसे स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान, जागरूकता कार्यक्रम एवं ग्राम सेवा—न केवल समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होती हैं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को भी निखारती हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सहयोग एवं सेवा भावना का विकास होता है, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के युग में, जब प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत सफलता को अधिक महत्व दिया जा रहा है, ऐसे में राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को यह सिखाते हैं कि समाज के प्रति हमारा दायित्व भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मुझे विश्वास है कि हमारे स्वयंसेवक इस भावना को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे। यह पत्रिका विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति का एक उत्कृष्ट मंच है। यह न केवल उनके विचारों को प्रकट करने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करती है कि वे समाज सेवा एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। मैं इस पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित कुमार बघेल, व्याख्याता श्री गोपाल सिंह, श्रीमती माधुरी तिग्गा एवं समस्त स्वयंसेवकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। आप सभी का यह प्रयास निश्चय ही सराहनीय है और समाज के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। अंत में, मैं यही कामना करता हूँ कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई भविष्य में भी इसी ऊर्जा, समर्पण एवं उत्साह के साथ अपने कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाती रहे।

शुभकामनाओं सहित

आर. जे. पांडेय
प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक अंबिकापुर



# MESSAGE FROM THE UNIVERSITY COORDINATOR

प्रिय स्वयंसेवकों,

राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समुदाय एवं राष्ट्र की सेवा में युवाओं को सक्रिय रूप से सहभागी बनाने का अवसर प्राप्त होता है। यह योजना विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों नेतृत्व क्षमता और समर्पण की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि राष्ट्रीय सेवा योजना, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय अंबिकापुर द्वारा वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। इसमें स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों और उनकी रचनात्मक सोंच की झलक देखने को मिलेगी। रक्तदान, स्वच्छता और साक्षरता जैसे कार्यों से हमारे स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे है।

मै इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं, कार्यक्रम अधिकारियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारियों / कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। आपका प्रयास निश्चित ही समाज निर्माण में प्रेरणादायी भूमिका निभाएगा।

पत्रिका के सफलतम प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

डॉ. डी. एस. रघुवंशी
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, CSVTU



# MESSAGE FROM THE PROGRAMME OFFICER

प्रिय स्वयंसेवकों,

यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रकाशित इस वार्षिक पत्रिका का प्रथम संस्करण आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी के रूप में यह मेरा तीसरा वर्ष है, और इस अवधि में स्वयंसेवकों का उत्साह, समर्पण एवं सेवा भावना अत्यंत प्रेरणादायक एवं सराहनीय रही है।
विगत वर्ष में NSS के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर जागरुकता, नशा मुक्ति अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा विभिन्न सामाजिक जागरुकता कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने न केवल समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया, बल्कि विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने का महत्वपूर्ण अनुभव भी प्रदान किया।
राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य "Not Me But You" की भावना को आत्मसात करते हुए समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। NSS की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता का विकास करती हैं, जो उन्हें एक जागरुक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर करती हैं। विशेष रूप से NSS शिविरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए कार्यों ने स्वयंसेवकों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों से परिचित कराया तथा उनमें सेवा के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास को सुदृढ़ किया। ऐसे अनुभव जीवन भर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और व्यक्ति के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं।
मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पत्रिका वर्ष 2025-26 की विविध गतिविधियों, उपलब्धियों एवं रचनात्मक अभिव्यक्तियों को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करेगी। यह न केवल हमारे प्रयासों का दस्तावेज होगी, बल्कि आने वाले समय में स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी।
अंत में, मैं उन सभी स्वयंसेवकों, संपादकीय टीम एवं सहयोगी साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ, जिन्होंने इस पत्रिका के प्रकाशन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुझे विश्वास है कि यह पत्रिका स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा, उत्साह एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक प्रबल करेगी।

**अमित कुमार बघेल**
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
शासकीय पॉलीटेक्निक अंबिकापुर

# सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्ताँ हमारा....

## तिरंगा यात्रा




आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक अंबिकापुर के छात्र-छात्राओं ने नागरिकों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से दिनांक 13/08/2025 को संस्थान परिसर से गांधी स्टेडियम तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया। रैली मे छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान, देशभक्ति नारों और तिरंगे के साथ जोशपूर्ण भागीदारी की। रास्तेभर माहौल देशभक्ति के रंग में रंगा रहा और लोगों में राष्ट्र के प्रति गौरव एवं एकता का संदेश पहुंचा।

## गणतंत्र दिवस



दिनांक 26 जनवरी को कॉलेज में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय द्वारा ध्वजारोहण से हुआ, जिसके साथ ही राष्ट्रगान की गूंज ने वातावरण को देशभक्ति से भर दिया।
छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसने सभी का मन मोह लिया।
अंत में प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने हेतु प्रेरित किया।

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा,
झंडा ऊँचा रहे हमारा।
सदा शक्ति सरसाने वाला,
प्रेम सुधा बरसाने वाला,
वीरों को हरषाने वाला,
मातृभूमि का तन मन सारा...
झंडा ऊँचा रहे हमारा। 🇮🇳

-श्यामलाल गुप्ता

# DRUG AWARENESS

शासकीय पॉलीटेक्निक द्वारा नशा मुक्ति के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत रैली, सेमिनार तथा विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति संदेश पहुँचाया गया, वहीं सेमिनार में विशेषज्ञों द्वारा नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इसके अतिरिक्त, पोस्टर मेकिंग, भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए नशा मुक्ति का संदेश दिया। इन सभी गतिविधियों के परिणामस्वरुप विद्यार्थियों में इस गंभीर समस्या के प्रति समझ विकसित हुई और वे इसके प्रति अधिक जागरूक बने। साथ ही, उन्होंने स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरुक करने का संकल्प लिया।






# ORIENTATION PROGRAM

डॉ. डी. एस. रघुवंशी (कार्यक्रम समन्वयक, NSS, CSVTU) के मार्गदर्शन में संस्थान में NSS उन्मुखीकरण कार्यक्रम दिनांक 28/03/2026 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों को NSS के महत्व एवं इसके लाभों के बारे में जानकारी दी।

साथ ही विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सेवा भावना के विकास हेतु NSS गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# ARMED FORCE FLAG DAY

सशस्त्र सेना झंडा दिवस (Armed Forces Flag Day) भारत में हर वर्ष 7 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन देश की थल सेना, नौसेना और वायु सेना के वीर सैनिकों के सम्मान और उनके बलिदान को याद करने के लिए मनाया जाता है।

शहीदो को श्रद्धांजलि देना। पूर्व सैनिकों, युद्ध विधवाओं और दिव्यांग सैनिकों के कल्याण के लिए धन एकत्र करना।नागरिकों में सशस्त्र बलों के योगदान के प्रति जागरुकता फैलाना।इस दिन सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष के लिए दान दिया जाता है।समर्थन के प्रतीक के रूप में छोटे झंडे या स्टिकर वितरित किए जाते हैं।



# INTERNATIONAL Yoga DAY



21 जून को विश्व स्तर पर मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, वर्ष 2025 में शासकीय पॉलीटेक्निक अंबिकापुर में एक विशेष कार्यक्रम का अत्यंत उत्साह के साथ आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योग के माध्यम से शारीरिक व मानसिक कल्याण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री आर. जे. पांडेय ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे मात्र व्यायाम न मानकर एक संतुलित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया, जिससे तनावमुक्त जीवन जिया जा सके।

योग प्रशिक्षक श्री कमलेश सोनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन और प्राणायाम जैसे विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। योगाभ्यास के इस शांत और सकारात्मक वातावरण ने सभी में नई ऊर्जा का संचार किया, जो "स्वस्थ शरीर, शांत मन और सशक्त आत्मा के मिलन से ही समग्र स्वास्थ्य प्राप्त होता है" के विचार को चरितार्थ कर रहा था।

# AIDS AWARENESS

## विश्व एड्स दिवस

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, अंबिकापुर में एनएसएस इकाई द्वारा एड्स पखवाड़ा के अंतर्गत जागरुकता गतिविधियों की श्रृंखला में स्लोगन लेखन एवं रंगोली निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरुकता बढ़ाना, भ्रांतियों को दूर करना तथा सुरक्षित जीवन शैली को प्रोत्साहित करना था।एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा आकर्षक रंगोली एवं स्लोगन निर्माण के माध्यम से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। स्वयंसेवकों ने “एड्स से बचाव”, “भेदभाव-मुक्त समाज” तथा “सुरक्षित व्यवहार” जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को सुंदर एवं प्रभावशाली रुप में प्रस्तुत किया।इस पहल ने कैंपस में सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया तथा सभी विद्यार्थियों को एड्स जागरुकता के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया।





# paryavaran

He who plants a tree plants a hope

## Ek ped Maa ke naam

प्रकृति के प्रति समर्पण और माँ के सम्मान का अनूठा संगम हरियाली के साथ भावनाओं का उत्सव

15 जुलाई 2025 को शासकीय पॉलीटेक्निक अंबिकापुर के वर्कशॉप परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसमें माँ के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और प्रेम की भावना भी समाहित थी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण को सुरक्षित एवं हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।




## Green initiative

"एक पेड़, हजारों सांसों का आधार"

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना था।

वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने, भूमि संरक्षण और जीव-जंतुओं के जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं।

प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे केवल पौधे लगाएंगे ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें विकसित भी करेंगे।




हरित भविष्य की ओर एक छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण कदम

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जागरूकता अभियान था, जिसने सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया।

यदि प्रत्येक व्यक्ति "एक पेड़ माँ के नाम" लगाकर उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।



swachh bharat




# प्लास्टिक संग्रह अभियान

29 नवंबर, 2025 को संस्थान की एनएसएस (NSS) यूनिट द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत एक भव्य 'प्लास्टिक कलेक्शन ड्राइव' का आयोजन किया गया। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य महाविद्यालय परिसर और आसपास के गोद लिए गए गांवों को 'प्लास्टिक मुक्त' बनाना और छात्रों के बीच जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण संरक्षण के प्रति गहरी संवेदनशीलता पैदा करना था। भारत में कचरा प्रबंधन की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है; यहाँ प्रतिवर्ष लगभग 62 मिलियन टन (MT) कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें से केवल 43 MT एकत्र किया जाता है और मात्र 12 MT का ही सही उपचार (ट्रीटमेंट) हो पाता है। शेष 31 MT कचरा खुले स्थानों या डंपिंग यार्ड्स में पड़ा रहता है, जो न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा है।

इसी गंभीर चुनौती को देखते हुए, 40 से अधिक उत्साही एनएसएस स्वयंसेवकों ने इस श्रमदान कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सामूहिक प्रयासों से प्लास्टिक कचरा एकत्र किया। स्वयंसेवकों ने परिसर के विभिन्न महत्वपूर्ण हिस्सों जैसे— सिविल विभाग उद्यान, विद्युत विभाग उद्यान, बैडमिंटन कोर्ट, प्रशासनिक कार्यालय उद्यान, पार्किंग क्षेत्र और मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन 'प्लॉगिंग ड्राइव' (Plogging Drive) चलाई। इस अभियान की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि एकत्रित कचरे का केवल निपटान ही नहीं किया गया, बल्कि इसमें से उपयोगी सामग्री को बड़ी कुशलता से अलग किया गया। इस चयनित प्लास्टिक का उपयोग भविष्य में 'Best Out of Waste' गतिविधियों के लिए किया जाएगा, ताकि पुनर्चक्रण (Recycling) के माध्यम से रचनात्मक वस्तुएं बनाई जा सकें। यह पूरा प्रयास समाज को सूखे कचरे और हानिकारक पदार्थों से मुक्त करने की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हुआ, जिसने छात्रों को एक उत्तरदायी और जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर




MARCH 2026

# SEVEN DAYS CAMP

MAHAVEERPUR VILLAGE, AMBIKAPUR

09-15 MARCH 2026




## DAY 1 INAUGURATION OF 7 DAYS CAMP

एनएसएस कैंप के प्रथम दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय, सरपंच एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत किया गया तथा कैंप के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य महोदय ने सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीणों से भेंट कर उनके साथ संवाद स्थापित किया और क्षेत्र की समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासन, सेवा भावना और टीमवर्क के साथ कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। साथ ही, सामाजिक सेवा के महत्व को समझाते हुए सभी को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रथम दिवस का कार्यक्रम उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




## DAY 2 POSTER MAKING AND SURVEY

द्वितीय दिवस पर स्वयंसेवकों ने जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर पोस्टर तैयार किए और उन्हें गाँव के प्रमुख स्थानों पर लगाया। इन पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व को सरल भाषा में समझाया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा गाँव में सर्वेक्षण कार्य किया गया, जिसमें ग्रामीणों की आयु, स्वास्थ्य स्थिति, व्यवसाय और शिक्षा से संबंधित जानकारी एकत्रित की गई। घर-घर जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया गया और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया गया। साथ ही, ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने के लिए जागरूक किया गया। यह दिन जनजागरूकता और सामाजिक संपर्क के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और सफल रहा।



## DAY 3 CLEANING DRIVE

तृतीय दिवस पर स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान का व्यापक और प्रभावी आयोजन किया गया, जिसमें कैंप परिसर के साथ-साथ आसपास के गाँव में भी साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः जागरूकता संदेश के साथ हुई, जिसके बाद स्वयंसेवकों को समूहों में विभाजित कर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य सौंपा गया। सभी ने मिलकर सड़कों, गलियों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों से कचरा एकत्रित कर वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया। इस अभियान के दौरान विशेष रूप से सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर ध्यान केंद्रित किया गया। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक कचरे को अलग-अलग एकत्रित कर उसके सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था की और ग्रामीणों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। लोगों को बताया गया कि प्लास्टिक पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है, इसलिए इसके उपयोग को कम करना आवश्यक है। साथ ही स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर स्वच्छता का संदेश दिया और ग्रामीणों को साफ-सफाई बनाए रखने, कचरे का सही प्रबंधन करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।



## DAY 4 WOMEN EMPOWERMENT AND CONSUMER RIGHT CAMPAIGN

एनएसएस कैंप के चौथे दिन महिला सशक्तिकरण एवं उपभोक्ता जागरुकता पर प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल कल्याण विभाग की टीम ने भाग लेकर महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व के प्रति जागरुक किया। साथ ही बच्चों के पोषण, शिक्षा और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी सरल भाषा में दी गई तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया, ताकि महिलाएं उनका लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकें|कार्यक्रम में उपभोक्ता फोरम की सदस्य अर्चना सिन्हा ने उपभोक्ता अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि खरीदारी करते समय वस्तु की गुणवत्ता, मूल्य, निर्माण एवं समाप्ति तिथि की जांच करना और बिल लेना आवश्यक है| किसी भी प्रकार की ठगी या अधिक मूल्य वसूली की स्थिति में उपभोक्ता को शिकायत करने का अधिकार है| इस प्रकार कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जागरुक, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना रहा।




## DAY 5 DRUG AWARENESS CAMPAIGN

डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता (जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सरगुजा) के अनुसार नशा मुक्ति के लिए सबसे पहले व्यक्ति को तंबाकू या अन्य नशे को छोड़ने का दृढ़ संकल्प लेना चाहिए। यदि एकदम से छोड़ना कठिन लगे तो धीरे-धीरे इसकी मात्रा कम करते हुए पूरी तरह बंद करना चाहिए। नशे की आदत बढ़ाने वाले स्थानों, लोगों और परिस्थितियों से दूर रहना जरूरी है। साथ ही, स्वस्थ दिनचर्या अपनाकर नियमित व्यायाम, योग और संतुलित आहार लेना चाहिए तथा खुद को पढ़ाई, काम या रुचियों में व्यस्त रखना चाहिए ताकि ध्यान नशे से हटे। परिवार और दोस्तों का सहयोग भी इस प्रक्रिया में बहुत सहायक होता है। आवश्यकता पड़ने पर डॉक्टर या काउंसलिंग की मदद लेनी चाहिए और तंबाकू के दुष्प्रभावों जैसे कैंसर और हृदय रोग को समझकर उनसे बचने का प्रयास करना चाहिए। सकारात्मक सोच बनाए रखते हुए निरंतर प्रयास करने से नशा छोड़ना संभव है और स्वस्थ जीवन पाया जा सकता है।



## DAY 6 ROAD SAFETY AWARENESS

एनएसएस कैंप के छठे दिन सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ट्रैफिक पुलिस की टीम उपस्थित रही। उन्होंने सड़क पर सुरक्षित रहने के नियमों के बारे में जानकारी दी, जैसे हेलमेट और सीट बेल्ट का महत्व, ट्रैफिक सिग्नल का पालन तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करना। साथ ही नशे में ड्राइविंग के खतरों के बारे में भी बताया गया।
ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने एचएसआरपी (HSRP) नंबर प्लेट के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह वाहन की पहचान को सुरक्षित और प्रमाणित बनाती है। इसके अलावा, गाड़ियों की निर्धारित गति सीमा का पालन करने पर भी जोर दिया गया। विद्यार्थियों और ग्रामीणों को जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

## DAY 7 CLOSING CEREMONY

एनएसएस कैंप के सातवें दिन समापन समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित सरपंच और कॉलेज के प्राचार्य महोदय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात पूरे सप्ताह आयोजित विभिन्न गतिविधियों—जैसे स्वच्छता अभियान, जागरुकता रैली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों—का संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली विवरण प्रस्तुत किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को सभी के सामने रखा गया।
कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी अतिथियों, आयोजकों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार, पूरे उत्साह, उल्लास और संतोष के साथ एनएसएस कैंप का सफल समापन हुआ।



# NATION

MCLE











"हर ऊंचाई को पार करने का हौसला और आत्मविश्वास से भरपूर यह रस्सी चढ़ाई गतिविधि प्रतिभागियों के साहस, धैर्य और संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। इस रोमांचक गतिविधि के दौरान प्रतिभागियों ने टीमवर्क और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए हर चुनौती का सामना किया तथा नई ऊंचाइयों को छूने का संदेश दिया।"

"रॉक क्लाइम्बिंग गतिविधि के दौरान मैंने हिम्मत और धैर्य के साथ ऊँची चट्टानों पर चढ़ाई की। इस दौरान मैंने अपने डर को पीछे छोड़ते हुए आत्मविश्वास और संतुलन के साथ हर कदम आगे बढ़ाया। यह अनुभव मेरे लिए न केवल रोमांचक रहा, बल्कि इससे मुझे खुद पर भरोसा रखने और हर चुनौती का सामना करने की प्रेरणा भी मिली।"

"रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजी छत्तीसगढ़ टीम द्वारा अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की मनमोहक एवं आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान 'छत्तीसगढ़ महतारी' की भूमिका निभाते हुए प्रतिभागी ने राज्य की पहचान, गरिमा और मातृस्वरूप संस्कृति को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से संस्कृति की विविधता, सादगी और सौंदर्य को दर्शाते हुए पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश भी दिया गया।"

# AL CAMP

ODGANJ

HIMACHAL PRADESH

24 OCT- 02 NOV 2025









"2875 मीटर की ऊंचाई तक स्थित प्रसिद्ध Triund Trek, हिमालय की गोद में बसा एक अत्यंत लोकप्रिय और मनमोहक ट्रेक है। लगभग 18 किलोमीटर के इस सफर के दौरान बर्फ से ढके पहाड़ों, हरियाली और खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों ने इस अनुभव को और भी खास बना दिया। यह ट्रेक मेरे लिए रोमांच, चुनौती और आत्मविश्वास से भरा एक यादगार अनुभव रहा, जिसने मुझे प्रकृति के करीब लाकर नई ऊर्जा और प्रेरणा दी।"

"Forest Trekking के दौरान मैंने घने जंगलों के बीच प्राकृतिक रास्तों पर चलते हुए इस रोमांचक अनुभव को महसूस किया। पेड़ों की हरियाली, शुद्ध वातावरण और शांत माहौल ने इस ट्रेक को और भी खास बना दिया। यह मेरे लिए एक यादगार अनुभव रहा, जिसने मुझे प्रकृति के करीब लाकर आत्मविश्वास और नई ऊर्जा से भर दिया।"

"River Crossing एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण गतिविधि है, जिसे सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद टीम के साथ लिया गया यह समूह चित्र हमारे साहस, उत्साह और एकता को दर्शाता है। तेज बहते पानी के बीच इस गतिविधि को पार करने के बाद यह पल हमारे लिए बेहद खास और यादगार बन गया। इस अनुभव ने न केवल हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि टीमवर्क और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया, जो हमेशा हमारी यादों में बनी रहेगी।"



MUSKAN SINGH
CSE 4TH SEM

# Blood Donation camp

शासकीय पॉलीटेक्निक अंबिकापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा जिला चिकित्सालय एवं रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञों द्वारा जागरुकता व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने रक्तदान को 'महादान' बताते हुए इसके स्वास्थ्य लाभों और जीवन बचाने में इसकी भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी परिवार के लिए जीवन का उपहार साबित हो सकता है। इसके पश्चात द्वितीय सत्र में रक्तदान प्रक्रिया शुरु हुई, जिसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने अत्यंत उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शिविर के अंत तक कुल 21 युनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जिला चिकित्सालय की टीम को जरूरतमंदों की सहायता हेतु सौंपा गया। संस्थान के इस मानवीय प्रयास की चहुंओर प्रशंसा की जा रही है।










# Dental Checkup camp

23 दिसंबर 2025 को संस्थान कि NSS इकाई और सिटी डेंटल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में एक "निःशुल्क दंत चिकित्सा एवं परामर्श शिविर" का भव्य आयोजन किया गया। "एक अच्छी मुस्कान, एक अच्छी शुरुआत होती है" के प्रेरणादायक संदेश के साथ आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान 46 छात्राओं और शिक्षकों ने अपने दाँतों की विस्तृत जाँच कराई। डॉ. पल्लवी शुक्ला एवं डॉ. निक्की सिंह ने न केवल सभी का कुशलतापूर्वक परीक्षण किया, बल्कि सही ब्रशिंग तकनीक और दंत देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी साझा कीं। शिविर में परामर्श के साथ-साथ जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं। इस प्रकार के आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाते हैं, बल्कि समय पर समस्याओं की पहचान कर गंभीर रोगों से बचाव में सहायक होते हैं। अंततः, यह शिविर समाज सेवा की भावना को मजबूत करने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने में पूरी तरह सफल रहा।






छत्तीसगढ़
रजत
महोत्सव





# NSS Day

-27 SEPTEMBER 2025



छत्तीसगढ़ रजत जयंती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय पॉलीटेक्निक अंबिकापुर में भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ तथा मुख्य अतिथि का छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार गमछा एवं पुष्पमाला से स्वागत किया गया। सामूहिक रूप से राज्यगीत “अरपा पैरी के धार” की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को गौरव और उत्साह से भर दिया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित कुमार बघेल ने अपने संबोधन में NSS के उद्देश्य और महत्व को सरल शब्दों में समझाते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

स्वयंसेविका खुशी सोनी ने “नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण में NSS का योगदान” विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीत, NSS गीत तथा सामाजिक जागरूकता पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य महोदय ने NSS इकाई की सराहना करते हुए छात्रों को सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। अंत में स्वयंसेवकों को NSS ‘B’ प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह आयोजन युवाओं में सेवा भावना, सांस्कृतिक जुड़ाव और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाला एक प्रेरणादायक प्रयास रहा, जिसने उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया।












SATYAWATI SINGH
4TH SEM
MECHANICAL


## ज़ंजीरों से परवाज़ तक

वो ख़ामोश है,
मगर उसकी ख़ामोशी में भी एक शोर है,
हर अश्क़ के पीछे
दबा हुआ कोई अरमान बेक़रार है।

वो मुस्कुराती है महफ़िलों में,
जैसे कुछ भी बिखरा ना हो,
पर तन्हा रातों की ख़लवत में
उसका दिल बेआवाज़ रोता हो।

कभी ख़्वाहिशों को क़ैद किया गया,
कभी ख़्वाबों को दफ़्न किया गया,
"तुम लड़की हो" कहकर
हर बार उसे महरूम किया गया।

उसकी भी परवाज़ थी फ़लक तक,
उसकी भी तमन्ना थी कुछ बनने की,
मगर रस्मों-रिवाज़ की ज़ंजीरों ने
रोक दी राह उसके चलने की।

वो मज़बूत है—ये सब कहते हैं,
पर उसकी मजबूरी कौन समझे?
जो तबस्सुम वो ओढ़े रहती है,
उसके पीछे का दर्द कौन समझे?

अब वक़्त है उसे आज़ादी देने का,
उसके परों को फ़लक छूने देने का,
क्योंकि जब मिलेगी उसे हक़ीक़ी हुर्रियत,
तभी वो अपनी असली शख़्सियत को निखार पाएगी।

उसे बंदिशों में रखोगे तो ख़ामोश रह जाएगी,
मगर आज़ादी दोगे तो दुनिया बदल जाएगी।




ANKIT BISWAS
2ND SEM
ELECTRICAL


## इंसानियत की पहचान

जब कोई चुपचाप दर्द सहता है,
जब कोई अकेला आँसू बहता है,
वहीं कहीं एक हाथ बढ़ता है—
एनएसएस का दिल धड़कता है।

न कोई रिश्ता, न कोई पहचान,
फिर भी जुड़ जाता हर एक इंसान।

किसी की थाली में रोटी बनकर,
किसी की आँखों में रोशनी बनकर।

वो सिर्फ मदद नहीं, एहसास है,
हर टूटे दिल का विश्वास है।

जब दुनिया मुड़कर देखती नहीं,
एनएसएस वहीं खड़ा पास है।

सेवा यहाँ कोई कर्तव्य नहीं,
ये तो दिल की सच्ची पुकार है,
“मैं नहीं, तुम” की भावना में,
छुपा पूरा संसार है।

एक छोटी-सी मुस्कान के लिए,
ये अपना सब कुछ दे जाते हैं,
इंसानियत को जिंदा रखने के लिए,
ये खुद को भूल जाते हैं।



**ANIMESH DAS**
**2ND SEM**
**CSE**

## RISE AGAIN

When shadows fall and hope feels thin,
And doubt creeps quietly within,
Remember this — you're stronger still,
With fire enough to climb each hill.
The road is rough, the climb is steep,
But dreams are seeds you have to keep,
Through storms and fears, don't lose your way,
Each night will fade to brighter day.
Stand up again, don't stay confined,
Your limits live inside your mind,
Break every chain, let courage grow,
You're far more powerful than you know.
So take that step, don't be afraid,
Great things are built, not simply made,
Believe, persist, and you will see—
The best version of you will be free.

## LIFE OF A MAN

A boy once walked on dusty roads,
With dreams too big for his small world.
Empty pockets, hopeful eyes,
Chasing stars across the skies.
He stumbled often, fell in pain,
Yet stood back up, again, again.
Through storms of doubt and nights so long,
He learned that weakness makes you strong.
Time moved fast, the boy grew old,
His dreams turned into stories told.
He worked, he loved, he lost, he found,
Built his life from the ground.
Wrinkles came, but so did grace,
A quiet smile upon his face.
For in his heart, he knew it true—
He lived a life both brave and true. Moral:
Life is not about never falling,
but always rising again.



**ESHAN DAS**
**2ND SEM**
**CSE**

## POEM OF WISDOM

A quiet mind can hear the truth
That noise will always hide—
Not every road demands your rush,
Not every wound your pride.

The tallest trees grow slow and sure,
Unshaken by the storm;
What bends with grace will never break,
What's patient will transform.

Seek less to win each fleeting fight,
And more to understand;
For wisdom isn't claiming ground,
But knowing where to stand.

Let go of things you cannot hold,
Like time or others' views;
The tighter that you clutch at life,
The more you stand to lose.

In moments, truth appears—
No need for grand display;
A heart that learns to simply see
Will never lose its way.

# नौजवान आओ रे...

नौजवान आओ रे, नौजवान गाओ रे
नौजवान आओ रे, नौजवान गाओ रे ॥
लो क़दम बढ़ाओ रे, लो क़दम मिलाओ रे ॥
ऐ वतन के नौजवान, इक चमन के बागवान ।
एक साथ बढ़ चलो, मुश्किलों से लड़ चलो ।
इस महान देश को नया बनाओ रे ॥
नौजवान...

धर्म की दुहाइयां, प्रांत की जुदाइयां।
भाषा की लड़ाइयाँ, पाट दो ये खाइयाँ ।
एक मां के लाल, एक निशां उठाओ रे ॥
नौजवान...

एक बनो नेक बनो, ख़ुद की भाग्य रेखा बनो ।
सर्वोदय के तुम हो लाल, तुमसे यह जग निहाल ।
शांति के लिए जहाँ को तुम जगाओ रे ॥
नौजवान...

मां निहारती तुम्हें, मां पुकारती तुम्हें ।
श्रम के गीत गाते जाओ, हंसते मुस्कराते जाओ ।
कोटि कण्ठ एकता के गान गाओ रे ॥
नौजवान...

रचना -
बालकवि बैरागी

# From Our Volunteers



राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ बिताए गए मेरे तीन वर्ष मेरे जीवन के सबसे यादगार और सीख देने वाले वर्ष रहे हैं। यह केवल एक गतिविधि नहीं थी, बल्कि एक ऐसी यात्रा थी जिसने मुझे एक बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा दी।इन तीन वर्षों में मैंने विभिन्न सामाजिक कार्यों जैसे स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, और ग्रामीण क्षेत्रों मे जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लिया। इन अनुभवों ने मुझे यह सिखाया कि समाज की सेवा करना ही सच्ची सफलता है।Head Boy के रूप में कार्य करते हुए, मुझे अपनी टीम का नेतृत्व करने और कई कार्यक्रमों को सफल बनाने का अवसर मिला। इस दौरान मैंने जिम्मेदारी निभाना, टीमवर्क करना और लोगों से जुड़ना सीखा, जो मेरे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।NSS का आदर्श वाक्य "Not Me But You" हमेशा मुझे प्रेरित करता रहा कि मै दूसरों के बारे में सोचूं और उनके लिए कुछ करूं।अंत में, मैं अपने कॉलेज, NSS कार्यक्रम अधिकारी और अपने सभी साथियों को धन्यवाद करता हू, जिन्होंने इस यात्रा को यादगार बनाया। NSS से मिली सीख और अनुभव मेरे जीवन में हमेशा साथ रहेंगे।

**YUVRAJ VISHWAKRMA**
**CSE 6TH SEM**



मैं NSS Head Girl हूँ, यह सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि मेरी जिम्मेदारी और मेरा गर्व है।
मेरे लिए NSS सिर्फ एक गतिविधि नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की भावना है। मैं हमेशा कोशिश करती हूँ कि हर काम ईमानदारी और पूरी लगन से करूं, और अपने साथियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करूँ। मुझे खुशी होती है जब मैं समाज के लिए कुछ छोटा सा भी अच्छा काम कर पाती हूँ। मेरे लिए असली सफलता वही है, जब मैं दूसरों के चेहरे पर मुस्कान ला सकूँ।मैं सीख रही हूँ, आगे बढ़ रही हूँ, और हर दिन खुद को बेहतर बना रही हूँ।NSS ने मुझे सिर्फ एक लीडर नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान बनना सिखाया है।मुझे खुद पर और अपनी इस जिम्मेदारी पर गर्व है

**KHUSHI KASHYAP**
**CSE 6TH SEM**



मेरी दो वर्षों की एनएसएस यात्रा मेरे विद्यार्थी जीवन के सबसे यादगार और प्रेरणादायक अनुभवों में से एक रही है। इस दौरान मुझे एनएसएस का बॉयज़ हेड बनने का अवसर मिला, जो मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय था। इस पद पर रहते हुए मुझे स्वयंसेवकों का नेतृत्व करने, विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन करने तथा अनुशासन बनाए रखने का अवसर मिला। इस जिम्मेदारी ने मेरे अंदर आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम प्रबंधन जैसे गुणों का विकास किया।
एनएसएस शिविर मेरी इस यात्रा का सबसे सुंदर हिस्सा रहे। सुबह की प्रार्थना से लेकर दिनभर सामाजिक कार्यों में भाग लेना और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेना, हर पल उत्साह और सीख से भरा होता था। साथियों के साथ मिलकर कार्य करने से मित्रता, एकता और सहयोग की भावना मजबूत हुई। शिविरों ने मुझे अनुशासन, समय का महत्व और समाज सेवा का वास्तविक अर्थ सिखाया। हमने साक्षरता अभियान, स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैलियों तथा अन्य सामाजिक कार्यों में सक्रिय भाग लिया। विशेष रूप से निरक्षरता के विरुद्ध अभियान मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। हमारे कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित बघेल जी के उत्कृष्ट मार्गदर्शन ने हमें हर कार्य को समर्पण और ईमानदारी से करने की प्रेरणा दी। एनएसएस ने मुझे केवल सुंदर यादें ही नहीं दीं, बल्कि मुझे एक जिम्मेदार, जागरूक और संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा भी दिखाई।

**ARYAN MISHRA**
**FORMER NSS VOLUNTEER**



एनएसएस के अंतर्गत हमें कॉलेज की ओर से 7 दिवसीय शिविर में महावीर गांव जाने का अवसर मिला। यह अनुभव हमारे लिए बहुत ही सीख देने वाला और प्रेरणादायक रहा। इन सात दिनों में हमने केवल गतिविधियों में भाग ही नहीं लिया, बल्कि जीवन के कई महत्वपूर्ण मूल्य भी सीखे।शिविर के दौरान सबसे पहले हमने अनुशासन और समय का सही उपयोग करना सीखा। हर दिन की शुरुआत साफ-सफाई से होती थी, जिससे हमें स्वच्छता का महत्व समझ में आया। हमने गांव में जाकर लोगों की समस्याओं को समझने की कोशिश की और उनके समाधान के बारे में भी चर्चा की। इससे हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास हुआ।इन 7 दिनों में प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियाँ कराई गईं, जैसे देशी खेल, सफाई अभियान, परियोजना कार्य, सिंगल यूज प्लॉस्टिक के खिलाफ जागरूकता, और नशा मुक्ति अभियान। हम गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते थे। इसके साथ ही हमने बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी छोटे-छोटे कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें गांव के लोगों और स्कूल के बच्चों को भी शामिल किया गया।सात दिनों तक साथ रहकर हमने टीमवर्क, सहयोग और आपसी समझ को भी मजबूत किया। इस दौरान हमने बहुत कुछ सीखा और कोशिश की कि जो भी सीखें, उसे दूसरों तक भी पहुंचाएं और उन्हें प्रेरित करें।
यह शिविर हमारे लिए एक यादगार अनुभव रहा, जिसने हमें एक बेहतर इंसान बनने की दिशा में आगे बढ़ाया। आगे भी हम एनएसएस से जुड़े रहकर समाज सेवा करते रहेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का प्रयास करेंगे।

**INDU MINJ**
**CSE 4TH SEM**



राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के साथ मेरा तीन वर्षों का सफर केवल गतिविधियों और शिविरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह मेरे जीवन के सबसे परिवर्तनकारी अनुभवों में से एक रहा है। जब मैं प्रथम वर्ष में इस इकाई से जुड़ा था, तब मन में एक जिज्ञासा थी, लेकिन आज तीन साल बाद जब पीछे मुड़कर देखता हू, तो खुद में एक सकारात्मक बदलाव पाता हू।
NSS में आने के बाद मैंने अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुण सीखे। यहाँ हमें किताबी ज्ञान से परे समाज की वास्तविकताओं को समझने और निस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करने का अवसर मिला।
मैं अपने कॉलेज के सभी जूनियर और आने वाले नए छात्रों को यही सुझाव दूंगा कि आप NSS का हिस्सा जरूर बनें। तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव भी बहुत जरूरी है। यहां बिताया गया समय आपको न केवल एक बेहतर छात्र बनाएगा, बल्कि एक जिम्मेदार और संवेदनशील इंसान के रूप में भी निखारेगा।

**ANSHUMAN PADHAN**
**MECHANICAL 6TH SEMESTER**

NSS मेरे लिए एक सेवा है जिसमें देश और लोगों कि सेवा के लिए खुद को समर्पित करना। मैने NSS ज्वाइन किया क्योंकि मुझे देश और लोगों की सेवा करना था | NSS में शामिल होने के बाद मुझे बहुत से अनुभव प्राप्त हुए|सबसे पहला अनुभव था मेरा कैंप में जाना जब मैं पहली बार कैंप गई वहां जाकर अलग अलग गतिविधियां कीं जैसे नशा मुक्ति| ऐड्स जैसे बीमारी उससे होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर लोगों को जागरूक किया बाल विवाह संरक्षण बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूक किया वहा आये गए अतिथि डिस्ट्रिक्ट यातायात पुलिस द्वारा हमे यातायात के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त हुई| एवं जिसने मुझे अचंभित (आश्चर्यचकित) किया जब ब्रह्मकुमारि माता जी ने हमे आध्यात्मिक जीवन एवं अपने मन को शांत एवं स्थिर रखना सिखाया| जो मेरे अत्यंत आश्चर्चकित था | NSSमें सिर्फ़ कार्य नहीं बल्कि को जीना सिखा दे देश और अपने देशवासियों की सेवा करना NSS एक जो एक इंसान को एक खुद पर आत्मविश्वास एक जिम्मेदार नागरिक बनाता है| NSS ने मुझे सम्मिलित काम लीडरशिप अनुशासन रहकर मै रहकर काम करना सिखाया मुझसे आत्मविश्वास दिलाया| अपने आप पर पूर्ण भरोसा करके अपने अपना काम को पूरा करने में पूरी कोशिश करना| मैंने जो भी NSS में कार्य किए हर एक एक्टिविटी मै कार्य किया एवं सांस्कृतिक गतिविधि में भी भाग लिया जिसमें अपने अंदर के हुनर को निखारने मौका मिला | अपने पूरी लगन और मेहनत के साथ नेके कर्तव्य को पूरा किया लोगों को जानने को मौका हमने एकजुट होकर काम किया जिससे हमारा काम सफल रहा | मुझे गर्व है कि मैं एक नेकी वालिंटियर हु और मुझे देश और देशवासियों की सेवा करने में ख़ुशी मिलती है |NSS सिर्फ़ एक सर्टिफिकेट या मार्क्स के लिए नहीं है जो हर एक ईसान की सोच ओर व्यक्तित्व दोनों को बदल देती है |

**DURGA DAS**
**CSE 2ND SEM**





राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) में मेरा तीन वर्षों का अनुभव अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा है| NSS एक राष्ट्रीय स्तर की सेवा योजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सेवा की भावना, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी का विकास करना है| इस योजना से जुड़कर मुझे समाज के विभिन्न पहलुओं को समझने और लोगों की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ|इन तीन वर्षों के दौरान मैंने अनेक प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया| इनमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, जागरूकता रैलियाँ, ग्राम सेवा कार्यक्रम तथा विभिन्न सामाजिक कार्य शामिल थे| इन सभी गतिविधियों के माध्यम से मैंने न केवल समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझा, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुणों का भी विकास किया|NSS के माध्यम से मुझे कई प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला, जिनमें मैंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार भी प्राप्त किए| ये उपलब्धियाँ मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक रहीं और मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रहीं,| NSS ने मुझे जीवन में सेवा, समर्पण और निस्वार्थ भाव से कार्य करने की सीख दी है| यह अनुभव मेरे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण और यादगार अनुभवों में से एक है, जिसने मुझे एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर किया है|

**RAM JANAM SHARMA**
**MINING 6TH SEM**

" Not me , but you " - NSS का ये नारा हमने सिर्फ सुना नहीं बल्की 7 दिनों में जिया है हमारे कॉलेज के NSS युनिट ने महावीरपुर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जो मेरे लिए सिर्फ एक कैंप नहीं बाल्की सिखाने का एक नया ज़रिया बना हमारा सफर कॉलेज से बस में शुरू हुआ सभी स्वयंसेवकों के चेहरे पर एक अलग ही उत्साह था महावीर पुर गांव पहुंचते ही सबसे पहले हमने अपने रहने की जगह व्यवस्था की रूम साफ करना गधे बिछना और अपना सामान सेट करने में जो टीमवर्क दिखा उससे पहले ही दिन हमे दूसरे से जोड़ दिया रात की मीटिंग में आगे के दिनों की प्लानिंग हुई और हम सब एक नई उम्मीद के साथ जल्दी सो गए कैंप का हर दिन सुबह 6:00 बजे प्रभात फेरी के साथ शुरू हुआ करता था गांव की गलियों में नारे लगते हुए निकलना एक अलग ही ऊर्जा देता था इसके बाद हमारा मुख्य कार्य था ग्राम परिक्षण हमने गांव वालों से मुलाकात की , रेली के ज़रिये हमने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश गांव गांव तक पहुचाया दिन की शुरूआत हमारे ही टीम के साथियों द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट नाश्ते से होती थी इसके बाद हम सब स्वच्छ अभियान में जुट जाते थे जहां हमने श्रमदान के जरिए गांव की सफाई की कैंप में सिर्फ काम ही नहीं, बल्कि ज्ञान भी मिला , इसके साथ ही एक विशेष सत्र मैं डॉक्टर ने हमें नशा मुक्ति के बारे में समझाया , हमारे बीच महिला चाइल्डलाइन से भी अधिकारि आए थे जिन्होनें हमे महिला सुरक्षा और सामाजिक ज़िम्मेदारियों के बारे में बताया , दोपहर के लंच के बाद हमें खेल के लिए वक्त मिलता था जो हमारी थकान मिटा देता था लेकिन दिन का सबसे खुबसूरत हिस्सा होता था " शाम की सभा " हम सब एक साथ बैठते| इन सात दिनों ने हमे सिखाया कि असली ख़ुशी मिलजुल कर रहने और दूसरों की सेवा करने में है महावीरपुर की वह गलियाँ वह मेहनत और दोस्तों के साथ बिताए गए वह पल हमेशा याद रहेंगे यहीं कैंप हमारे व्यक्त्वि को निखारने वाला एक अनोखा सफ़र रहा सफर रहा

**SANSKRITI PURI**
**ET&T 2ND SEM**



# NSS Gallery








# Creativity corner



# NEWSPAPER CORNER

## एनएसएस के शिविर में ग्रामीणों को किया गया जागरूक



अम्बिकापुर। शासकीय पॉलिटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम महावीरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी, योग एवं पीटी, स्वच्छता अभियान, श्रमदान, खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही ग्रामीणों को नशा मुक्ति, सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता के विषय में जानकारी दी गई। समापन अवसर पर ग्राम महावीरपुर की सरपंच रेशमी सिंह एवं शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य आरजे पांडेय ने स्वयंसेवकों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। इस सात दिवसीय शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार बघेल ने किया। इसके साथ ही शिविर में महाविद्यालय से सतेंद्र सिंह, प्रियंका लकड़ा, अंजना एवं बिंदेश्वर ने सातों दिन सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज में हुआ स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं वस्त्र दान का आयोजन



छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय पॉलीटेक्निक अंबिकापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन संस्था के वर्कशॉप परिसर में किया गया। इस दौड़ का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी चेतना का संचार करना रहा। दौड़ में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात वस्त्र दान अभियान अंतर्गत शहर के पीजी कॉलेज के निकट स्थित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में निवासरत निर्धन परिवारों को कपड़े एवं गर्म वस्त्र वितरित किए गए। साथ ही बच्चों के लिए खिलौनों का दान किया गया, जिससे उनके चेहरों पर प्रसन्नता दिखाई दी। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य आर.जे. पांडेय के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार बघेल के निर्देशन में हुआ।

## पॉलीटेक्निक में निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन



छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। शासकीय पॉलीटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं सिटी डेंटल हॉस्पिटल, के संयुक्त तत्वावधान में संस्था परिसर में निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते दांतों से संबंधित समस्याओं की पहचान करना था। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. पल्लवी शुक्ला एवं डॉ. निक्की सिंह ने अपनी सेवाएं दी। उन्होंने दंत स्वास्थ्य पर आयोजित सेमिनार के माध्यम से सही ब्रशिंग तकनीक, नियमित दंत जांच की आवश्यकता तथा दंत रोगों से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं का निःशुल्क डेंटल चेकअप करके आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आर.जे. पांडेय ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी हैं तथा समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर को एक सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार बघेल व व्याख्याता माधुरी तिग्गा ने किया। शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवक युवराज, अभिषेक, दिव्या एवं संस्कृति ने पंजीकरण, व्यवस्था प्रबंधन एवं सहयोग कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर

## पॉलिटेक्निक कॉलेज परिवार ने किया 21 यूनिट रक्त दान



नवभारत ब्यूरो। अंबिकापुर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय पॉलिटेक्निक अम्बिकापुर द्वारा जिला चिकित्सालय व रेडक्रॉस के सहयोग से संस्था परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पॉलिटेक्निक कॉलेज परिवार के सदस्यों ने 21 यूनिट रक्त दान किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. आरजे पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। हमें सदैव सेवा भावना के साथ कार्य करना चाहिए। रक्त दान से किसी को जीवन मिलता है और इसे बड़ा परोपकार, आत्म संतुष्टि नहीं मिल सकता है। शिविर में डॉ. काजल पैंकरा, अंजुला मिश्रा द्वारा रक्तदान के महत्व, इसके लाभ व भ्रांतियों के संबंध में जानकारी दी गई। प्राचार्य की धर्मपत्नी उपमा पांडेय ने भी रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। शिविर में शालिनी, खुशी, डोनाल्ड, चंद्रशेखर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार बघेल, संजय यादव, सतेंद्र सिंह, दुर्गा, जागृति सक्रिय रहे।

दैनिक
खबरें जो सच बयां करे
राजधानी से जनता तक
आंचलिक

## राष्ट्रीय सेवा योजना छत्तीसगढ़ एडवेंचर कैम्पस धर्मशाला पहाड़ों पर साहसिक कदम स्वयं सेवक



राजधानी से जनता तक। अटल बिहारी वाजपेयी माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट धर्मशाला सेंटर(D/SHALA CENTER)हिमाचल प्रदेश तीसरा दिवस संगठन केयरवा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश डॉ अशोक श्रोती, युवा अधिकारी डॉ राजकुमार वर्मा ,राज्य संपर्क अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी , अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक ,छत्तीसगढ़ टीम लीडर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी सेजस पैकरा कोरबा ,मिथिला सिंघारे कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडी मार्गदर्शन में ट्रेनर्स जितेंद्र ठाकुर रीजनल इंचार्ज धर्मशाला ... ठाकुर ,युज लाल ...

धर्मशाला ने स्वंय सेवक शिवानी साहू (कॉलेज पथेरी )पुष्प राज मानिकपुर (कॉलेज सी एम डी बिलासपुर )शीतल केंवट (कॉलेज मरवाही )ललित लाठिया ...

(कॉलेज हरदी बाजार कोरबा) शशांक कॉलेज जुनवानी ,ऋषि सिंह (कॉलेज पौंकी कॉलेज बिलासपुर )मुस्कान सिंह (पालीटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर) कृपा स्वर्णकार (पीजी कॉलेज कोरबा ) निशा निर्मलकर ( गर्ल्स कॉलेज दुर्ग महिला अनुकृति परकार कॉलेज भिलाई )लोचन कुमार (पीजी कॉलेज अमरीकापा दिव्या

रोमांचकारी पर्वतों में आयोजित एडवेंचर कैम्प में माउंटेन क्लाइम्बिंग प्रशिक्षण प्राप्त कर अदम्य साहस और आत्मविश्वास का परिचय दिया। ऊंचे पहाड़, ठंडी पहाड़ी हवाएँ और चुनौतियों से भरा रास्ता उनके जज्बे के सामने फीका पड़ गया।कैम्प प्रशिक्षकों द्वारा सुरक्षा नियमों, रस्सी तकनीक, संतुलन, पर्वतारोहण उपकरणों के प्रयोग तथा टीमवर्क की विशेष जानकारी दी गई।स्वयंसेवकों ने चट्टानों पर चढ़ाई का रोमांच महसूस करते हुए शारीरिक क्षमता

**खबर संक्षेप**

## मुस्कान का चयन राष्ट्रीय साहसिक शिविर में

अम्बिकापुर। शासकीय पॉलीटेक्निक की रासेयो स्वयंसेविका मुस्कान सिंह का चयन राष्ट्रीय साहसिक शिविर के लिए किया गया है।



शिविर 24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक धर्मशाला में संचालित होगा। मुस्कान छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व सीएसवीटीयू की प्रतिभागी के रूप में करेंगी। इस शिविर में पर्वतारोहण, ट्रैकिंग, रिवर क्रॉसिंग जैसी विविध साहसिक गतिविधियां संचालित होंगी जिसमें देशभर से चयनित

## एनएसएस शिविर में तंबाकू के दुष्प्रभाव व उपभोक्ता अधिकारों की दी गई जानकारी

अम्बिकापुर। 13 मार्च। रिहन्द टाइम्स। शासकीय पॉलिटेक्निक अंबिकापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम महावीरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के लिए बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान तंबाकू के दुष्प्रभाव तथा उपभोक्ता जागरूकता विषय पर विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



प्रथम सत्र में तंबाकू के दुष्प्रभाव विषय पर व्याख्यान डॉ. शैलेश गुप्ता, जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तम्बाखू नियंत्रण कार्यक्रम सरगुजा द्वारा दिया गया। उन्होंने तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा नाश का कारण बनता है और तंबाकू के सेवन से कई गंभीर बीमारियाँ, विशेष रूप से कैंसर, होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने युवाओं से तंबाकू से दूर रहने तथा समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने की अपील की।

द्वितीय सत्र में उपभोक्ता जागरूकता विषय पर व्याख्यान अर्चना सिन्हा सदस्य उपभोक्ता फोरम आयोग द्वारा दिया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों को उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उपभोक्ता आयोग में शिकायत अथवा केस फाइल करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं शिकायत दर्ज कराने के तरीकों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार बघेल, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# CONTRIBUTORS



**GOPAL SINGH**
LECTURER MECHANICAL DEPT.



**AMIT KUMAR BAGHEL**
LECTURER MECHANICAL DEPT.



**MADHURI TIGGA**
LECTURER ET & T DEPT.

## Editorial Team



LAYOUT DESIGNING & EDITTING

**AMARDEEP SAHU**
MECHANICAL 4TH SEM



PHOTO EDITING

**ANIMESH DAS**
CSE 2ND SEM



PHOTOGRAPHY

**INDU MINJ**
CSE 4TH SEM



CONTENT

**KHUSHI SONI**
CSE 6TH SEM



CONTENT

**DIVYA KIRAN BHAGAT**
CSE 4TH SEM

# NSS लक्ष्य गीत

उठें समाज के लिए उठें उठें
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें जगें
स्वयं सजें वसुंधरा सवार दें- 2

हम उठें उठेंगा जग हमारे संग साथियों
हम बढ़े तो सब बढ़ेंगे अपने आप साथियों
जमीं पर आसमान को उतार दें-2
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें-2

उदासियों को दूर कर खुशी को बांटते चलें
गांव और शहर की दूरियों को पाटते चलें
ज्ञान को प्रचार दें प्रसार दें
विज्ञान को प्रचार दें प्रसार दें
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दे-2

समर्थ बाल वृद्ध और नारियां रहें सदा
हरे भरे वनो की शाल ओढ़ाती रहे धरा
तरक्कियो की एक नई कतार दे-2
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दे-2

ये जाति धर्म बोलियाँ बनें न शूल राहं की
बढ़ाएं बेल प्रेम की अखंडता की चाह की
भावना से ये चमन निखार दें
सदभावना से यह चमन निखार दें
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें -2

उठें समाज के लिए उठें उठें
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें - जगें
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें -